www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

UGC NET Paper 3 June 24, 2012 Shift 1 Political Science Question Paper

# PAPER-III
# POLITICAL SCIENCE

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________
(In words)

**J 0 2 1 2**

Time : 2 ½ hours]

[Maximum Marks : **150**

Number of Pages in this Booklet : **20**

Number of Questions in this Booklet : **75**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# POLITICAL SCIENCE
## Paper – III

**Note :** This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Which among the following statements is not correct ?
(A) Post-behavioural political theory interrelates value and fact.
(B) Post-behavioural political theory is ethnocentric.
(C) Post-behavioural political theory is tied to action and relevancy.
(D) Post-behavioural political theory is change oriented.

**2.** Positive liberalism does not believe in
(A) Welfare State
(B) Nanny State
(C) State as a moral agency
(D) Minimal State

**3.** Marx does not believe in
(A) Human consciousness determines social existence
(B) Ideas are the reflections of the interplay of material forces
(C) The base determines the superstructure
(D) Matter is active and dynamic

**4.** Rawlsian concept of justice is based on
(A) Distributive principle
(B) Agreement principle
(C) Difference principle
(D) Joint method principle

**5.** The term 'Ideology' was first used in the year
(A) 1789 (B) 1792
(C) 1795 (D) 1797

**6.** Satyavir Ki Katha, translated into Gujarati by Gandhiji was from
(A) The Prince
(B) Dialogues of Plato
(C) The Social Contract
(D) War and Peace

**7.** Who adopted communism to Asiatic form ?
(A) M.N. Roy
(B) Mao – Tse – Tung
(C) Lenin
(D) Trotsky

**8.** Which one among the following statements is correct ?
(A) Platonic justice is a legal concept.
(B) The Greek word for Justice is dikaisune.
(C) Platonic justice meant true in word and deed and paying one's debts to Gods and men.
(D) Platonic Justice consists in conformity to the laws and institutions laid down by the Sovereign for his benefit and enforced by his power.

**9.** Locke's view on 'state of nature' is
(A) Pre-social
(B) Pre-political
(C) Pre-social and pre-political
(D) Social and Political

**10.** Which one among the following statements is true ?
(A) The Prince deals with providing requirements for the maintenance of political instability in the Republics.
(B) The Discourses expounds the requirements for the maintenance of political instability in principalities.
(C) The Prince is concerned with the qualities of Princes, the Discourses place a greater emphasis on the civic demands on citizens.
(D) None of the above.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# राजनीति विज्ञान

## प्रश्नपत्र – III

**सूचना :** इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर** (75) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** निम्नलिखित में से कौन सा अभिकथन सत्य नहीं है ?
(A) उत्तर व्यवहारवादी राजनीतिक सिद्धान्त मूल्य और तथ्य में परस्पर संबंध स्थापित करता है ।
(B) उत्तर व्यवहारवादी राजनीतिक सिद्धान्त सजाति केन्द्रित होता है ।
(C) उत्तर व्यवहारवादी राजनीतिक सिद्धान्त का कार्य और प्रासंगिकता से संबंध होता है ।
(D) उत्तर व्यवहारवादी राजनीतिक सिद्धान्त परिवर्तनोन्मुखी होता है ।

**2.** सकारात्मक उदारवाद का निम्नलिखित में से किसमें विश्वास नहीं है ?
(A) कल्याण राज्य
(B) नैनी (छोटे राज्य)
(C) नैतिक माध्यम के रूप में राज्य
(D) लघु (मिनिमल) राज्य

**3.** मार्क्स निम्नलिखित में से किसको नहीं मानते हैं ?
(A) मानव चेतना सामाजिक अस्तित्व का निर्धारण करती है ।
(B) विचार भौतिक शक्तियों की अन्योन्य क्रिया का प्रतिबिम्ब होते हैं ।
(C) आधार अधिरचना का निर्धारण करता है ।
(D) वस्तु सक्रिय और गतिशील होती है ।

**4.** रॉल्स की न्याय की संकल्पना किस पर आधारित है ?
(A) वितरण सिद्धान्त
(B) समझौता सिद्धान्त
(C) अन्तर सिद्धान्त
(D) संप्रक्त पद्धति सिद्धान्त

**5.** 'विचारधारा' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किस वर्ष में किया गया था ?
(A) 1789 (B) 1792
(C) 1795 (D) 1797

**6.** सत्यवीर की कथा जिसका अनुवाद गांधीजी द्वारा गुजराती में किया गया था वह निम्नलिखित में से किसमें से थी ?
(A) द प्रिंस
(B) डायलॉग्स ऑफ प्लैटो
(C) द सोशल कान्ट्रैक्ट
(D) वार एंड पीस

**7.** साम्यवाद को एशियाटिक फार्म में किसने अनुकूलित किया ?
(A) एम.एन. रॉय
(B) माओ त्से तुंग
(C) लेनिन
(D) ट्रॉटस्की

**8.** निम्नलिखित में से कौन सा अभिकथन सत्य है ?
(A) प्लैटो का न्याय विधिक संकल्पना है ।
(B) न्याय के लिए ग्रीक शब्द "डिकायसून" है ।
(C) प्लैटो के न्याय से तात्पर्य है कथनी और करनी में सत्यता और ईश्वर तथा व्यक्ति का ऋण चुकाना ।
(D) प्लैटो का न्याय संप्रभु की शक्तियों द्वारा प्रवर्तित और उसके नाम के लिए बनाए गए कानून और संस्थानों के अनुरूप है ।

**9.** 'स्टेट ऑफ नेचर' पर लॉक का विचार है :
(A) पूर्व सामाजिक
(B) पूर्व राजनैतिक
(C) पूर्व सामाजिक तथा पूर्व राजनैतिक
(D) सामाजिक तथा राजनैतिक

**10.** निम्नलिखित में से कौन सा अभिकथन सत्य है ?
(A) 'द प्रिन्स' में गणतन्त्र में राजनीतिक अस्थिरता बनाए रखने के लिए माँगें उपलब्ध कराने पर विचार किया गया है ।
(B) 'द डिस्कोर्सस' में जागीरों में राजनीतिक अस्थिरता बनाए रखने के लिए अपेक्षाएँ प्रतिपादित करना है ।
(C) 'द प्रिन्स' राजाओं की गुणताओं से संबंधित हैं । 'द डिस्कोर्सस' में नागरिकों की माँगों पर अपेक्षाकृत अधिक बल दिया गया है ।
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**11.** Who said : "Human nature is an ensemble of social relations" ?
(A) Gandhiji (B) M.N. Roy
(C) Aurobindo (D) Mao

**12.** Aurobindo is mainly famous because of his
(A) Political Ideology
(B) Revolutionary Activities
(C) Life Divine
(D) Association with Mother

**13.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :
**Assertion (A) :** Platonic justice represents a disposition to do the right thing.
**Reason (R) :** It is good to be unjust but bad to suffer injustice.
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the right explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true but (R) is false.
(D) (A) is false but (R) is true.

**14.** Match the List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| | **List-I (Authors)** | | **List-II (Books)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Friedrich Hayek | (i) | The Politics |
| (b) | John Rawls | (ii) | Idea of Justice |
| (c) | Amartya Sen | (iii) | The Road to Serfdom |
| (d) | Plato | (iv) | A Theory of Justice |

**Code :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

**15.** What is the correct sequence of the following in the Aristotle's Theory of Causation ?
(i) Material cause
(ii) Formal cause
(iii) Final cause
(iv) Efficient cause
Select the correct answer from the codes given below :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |

**16.** Who said that the structural–functional approach was weak in change, the social process approach was weak in politics and the comparative history approach was weak in theory ?
(A) Huntington
(B) Paul F. Kress
(C) Jean Blondel
(D) Samir Amin

**17.** Who among the following interpreted functionalism as an alternative approach to Marxism ?
(A) Paul F. Kress
(B) Nicholson and Reynolds
(C) W.G. Runciman
(D) Morton Kaplan

**18.** Which one of the following has tried to give an essentially engineering orientation to human behaviour ?
(A) Input-output analysis
(B) Structural–functional approach
(C) Communications theory
(D) Behavioural approach

**19.** The characteristics of Almond's political system mostly resemble those of the political system(s) of
(A) United States of America
(B) Scandinavian countries
(C) Developing countries
(D) Latin American countries

**11.** यह किसने कहा है कि “मानव स्वभाव सामाजिक संबंधों की समष्टि है” ?
(A) गांधीजी (B) एम. एन. रॉय
(C) अरबिन्दो (D) माओ

**12.** अरबिन्दो मुख्यत: किसके लिए विख्यात हैं ?
(A) राजनीतिक विचारधारा
(B) क्रान्तिकारी कार्य-कलाप
(C) लाइफ डिवाइन
(D) माता के साथ संबंध

**13.** नीचे दो अभिकथन दिए गए हैं । एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।
**कथन (A)** : प्लेटो का न्याय सही कार्य करने की प्रवृत्ति का प्रतिपादन करता है ।
**कारण (R)** : अन्याय झेलने से अच्छा है अन्याय करना ।
(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R) (A) का सही स्पष्टीकरण है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R) (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(C) (A) सत्य है, लेकिन (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, किन्तु (R) सत्य है ।

**14.** सूची – I का सूची – II के साथ मिलान करें और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची-I (लेखक)** | **सूची-II (पुस्तक)** |
|---|---|
| (a) फ्रेडरिक हायक | (i) द पोलिटिक्स |
| (b) जॉन रॉयल्स | (ii) न्याय का विचार |
| (c) अमर्त्य सेन | (iii) द रोड टू सर्फडम |
| (d) प्लैटो | (iv) ए थ्योरी ऑफ जस्टिस |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

**15.** अरस्तू के कार्योत्पादन सिद्धान्त में निम्नलिखित का सही अनुक्रम क्या है ?
(i) भौतिक कारण
(ii) औपचारिक कारण
(iii) अन्तिम कारण
(iv) निमित्त कारण
नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर का चयन करें :
(A) (ii) (iv) (iii) (i)
(B) (iv) (iii) (i) (ii)
(C) (iii) (i) (ii) (iv)
(D) (i) (iv) (ii) (iii)

**16.** यह किसका कथन है कि संरचनात्मक, कार्यात्मक विश्लेषण, परिवर्तन में दुर्बल था, सामाजिक प्रक्रिया विश्लेषण राजनीति में और सिद्धान्त में तुलनात्मक इतिहास दृष्टिकोण दुर्बल था ?
(A) हंटिंगटन
(B) पॉल एफ क्रेस
(C) जीन ब्लान्डेल
(D) समीर अमीन

**17.** निम्नलिखित में से किसने मार्क्सवाद के वैकल्पिक दृष्टिकोण के रूप में कार्यात्मकवाद की व्याख्या की है ?
(A) पॉल एफ. क्रेस
(B) निकोलसन और रेनॉल्ड
(C) डब्ल्यू. जी. रूनसीमैन
(D) मॉर्टन कपलन

**18.** निम्नलिखित में से किसने मानवीय व्यवहार को अनिवार्य इंजीनियरी आमुखीकरण देने का प्रयास किया है ?
(A) इनपुट - आउटपुट - विश्लेषण
(B) संरचनात्मक कार्यात्मक दृष्टिकोण
(C) संप्रेषण सिद्धान्त
(D) व्यवहारात्मक दृष्टिकोण

**19.** आलमन्ड की राजनैतिक व्यवस्था की विशेषताएँ अधिकतर निम्नलिखित में से किसके राजनीतिक व्यवस्था से मिलती – जुलती हैं ?
(A) यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका
(B) स्कैन्डीनेवियन देश
(C) विकासशील देश
(D) लेटिन अमेरिकन देश

Prepp
Your Personal Exams Guide

**20.** Who among the following identifies political development with the "institutionalisation of political organisations and procedures" ?
(A) Huntington
(B) Lucian Pye
(C) Organski
(D) Almond

**21.** Which one of the following approaches/theories was first started as a critique of democracy and socialism ?
(A) Elite theory
(B) Structural–functional approach
(C) Communications theory
(D) Game theory

**22.** Who among the following divided the non-competitive party system into one-party authoritarian, one-party pluralistic and one-party totalitarian ?
(A) Alan Ball
(B) La Palombara and Myron Weiner
(C) Harry Eckstein
(D) James Jupp

**23.** In which of the following forms of Government is the second chamber as indispensable part of legislature ?
(A) Presidential
(B) Parliamentary
(C) Unitary
(D) Federal

**24.** Which one of the following books has a chapter on 'Politics in India' ?
(A) The Civic Culture Revisited
(B) Politics and Government
(C) Political Development and Social Change
(D) Comparative Politics Today

**25.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below the lists :

| **List-I (Form of Government)** | **List-II (Name of the Country)** |
|---|---|
| (a) Parliamentary, Federal, Republican | (i) The United Kingdom |
| (b) Presidential, Federal, Republican | (ii) India |
| (c) Parliamentary, Unitary, Monarchical | (iii) France |
| (d) Parliamentary-cum-Presidential, Unitary, Republican | (iv) The United States of America |

**Code :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

**26.** In which country all courts including all levels of the State Courts have the power of Judicial review ?
(A) India (B) Switzerland
(C) America (D) Australia

**27.** The Indian Federal System differs from the American Federal System in respect of the following :
(1) Representation of the States in the Upper House of the Federal Legislature.
(2) Existence of a Written Constitution.
(3) Vesting of Residuary Powers.
(4) Dual Citizenship
Select the correct answer from the codes given below :
**Codes :**
(A) (1) and (2) (B) (3) and (4)
(C) (1), (2) and (3) (D) (4) only

**20.** निम्नलिखित में से कौन राजनीतिक संगठनों के सांस्थानिकीकरण और प्रक्रियाओं के साथ राजनीतिक विकास का संबंध मानते हैं ?

(A) हंटिंगटन
(B) लूसियन पाई
(C) ऑरगैनस्की
(D) ऑलमन्ड

**21.** निम्नलिखित में से कौन से दृष्टिकोण/सिद्धान्त से सर्वप्रथम लोकतन्त्र और समाजवाद की समीक्षा आरम्भ की गई ?

(A) एलाइट का सिद्धान्त
(B) संरचनात्मक, कार्यात्मक दृष्टिकोण
(C) संप्रेषण सिद्धान्त
(D) गेम थ्योरी

**22.** निम्नलिखित में से किसने गैर-प्रतियोगी पार्टी प्रणाली को एक दल सत्तावादी, एक दल बहुवादी और एक दल सत्ताधारी मे विभाजित किया ?

(A) एलन बॉल
(B) ला पैलोम्बरा और मायरन वीनियर
(C) हैरी एकेस्टीन
(D) जेम्स ज़प्प

**23.** निम्नलिखित में से किस प्रकार की सरकार में, सरकारें विधान मंडल के अनिवार्य भाग के रूप में द्वितीय सदन होती हैं ?

(A) अध्यक्षात्मक
(B) संसदीय
(C) एकात्मक
(D) संघीय

**24.** निम्नलिखित में से किस पुस्तक में 'भारत की राजनीति' पर अध्याय हैं ?

(A) द सिविक कल्चर रीविज़िटेड
(B) पॉलिटिक्स एन्ड गवर्नमेंट
(C) पॉलिटिकल डेवलपमेन्ट एंड सोशल चेंज
(D) कम्पैरेटिव पॉलिटिक्स टुडे

**25.** सूची–I का सूची–II के साथ मिलान करें और नीचे दिए गए कोड में से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची-I (सरकार का प्रकार)** | **सूची-II (देश का नाम)** |
|---|---|
| (a) संसदीय, संघीय रिपब्लिकन | (i) यूनाइटेड किंगडम |
| (b) अध्यक्षात्मक, संघीय रिपब्लिकन | (ii) भारत |
| (c) संसदीय, एकात्मक राजतन्त्रात्मक | (iii) फ्रांस |
| (d) संसदीय कम अध्यक्षात्मक एकात्मक रिपब्लिकन | (iv) यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

**26.** निम्नलिखित में से किस देश में राज्य न्यायालयों को सभी स्तर के न्यायालयों को न्यायिक पुनरीक्षण का अधिकार प्राप्त है ?

(A) भारत (B) स्विट्ज़रलैंड
(C) अमरीका (D) ऑस्ट्रेलिया

**27.** भारतीय संघीय पद्धति, अमरीकी संघीय पद्धति से निम्नलिखित में से किसके संबंध में अलग है ?

(1) संघीय विधान मंडल के उच्च सदन में राज्यों का प्रतिनिधित्व
(2) लिखित संविधान होना
(3) अवशिष्ट शक्ति प्रदान किया जाना
(4) द्विपक्षी नागरिकता

नीचे दिए गए कोड में से सही उत्तर का चयन करें :

**कूट :**

(A) (1) और (2) (B) (3) और (4)
(C) (1), (2) और (3) (D) केवल (4)

**28.** Which one of the following is the most important characteristic of a Parliamentary Government ?

(A) Majority Rule

(B) Rule of Law

(C) Direct election of Member of Parliament

(D) Collective responsibility of the Executive to the Legislature

**29.** Which one of the following federal systems was taken as a model by K.C. Wheare for judging other federal systems ?

(A) Australian federal system

(B) American federal system

(C) Swiss federal system

(D) Canadian federal system

**30.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Choose the correct answer from the codes.

**Assertion (A) :** Presidential system is suitable for meeting crises.

**Reason (R) :** The President has a fixed tenure.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true but (R) is false.

(D) (A) is false but (R) is true.

**31.** The Constituent Assembly was set-up under the

(A) Cripp Mission

(B) Cabinet Mission Plan

(C) Wavell Plan

(D) Nehru Report

**32.** Who said the following ? 'India's Constitution was born more in fear and trepidation than in hope and inspiration'

(A) Paul Brass

(B) Myron Weiner

(C) K.C. Wheare

(D) Jennings

**33.** Which of the following Articles of the Constitution shields legislation from being declared unconstitutional and void ?

(A) Art. 15 B (B) Art. 51 A

(C) Art. 31 B (D) Art. 29 A

**34.** Which of the following Amendments to the Indian Constitution has made Right to Education a Fundamental Right ?

(A) $92^{nd}$ (B) $94^{th}$

(C) $93^{rd}$ (D) $91^{st}$

**35.** Which of the following statements is <u>not correct</u> ?

(A) First Proclamation of Emergency was declared in 1962.

(B) Second Proclamation of Emergency was declared in 1971.

(C) Third Proclamation of Emergency was declared in 1975.

(D) Second and Third Proclamations of Emergency were revoked in 1978.

**36.** The power of Supreme Court of India to decide the dispute between the Centre and the States falls under its

(A) Advisory Jurisdiction

(B) Appellate Jurisdiction

(C) Original Jurisdiction

(D) Advisory and Appellate Jurisdiction

**28.** निम्नलिखित में से कौन संसदीय सरकार की सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषता है ?

(A) बहुमत शासन

(B) रूल ऑफ लॉ

(C) संसद के सदस्य का प्रत्यक्ष चुनाव

(D) कार्यपालिका का विधान मंडल के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व

**29.** के.सी.व्हीयरे द्वारा निम्नलिखित में से कौन सी संघीय पद्धतियों को अन्य संघीय पद्धतियों की जाँच के लिए मॉडल पद्धति माना गया है ?

(A) ऑस्ट्रेलियन संघीय पद्धति

(B) अमेरिकन संघीय पद्धति

(C) स्विस संघीय पद्धति

(D) कैनेडियन संघीय पद्धति

**30.** नीचे दो अभिकथन दिए गए हैं । एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।

दिए गए कोड में से सही उत्तर का चयन करें ।

**कथन (A)** : संकट की स्थिति के लिए अध्यक्षात्मक पद्धति उपयुक्त होती है ।

**कारण (R)** : राष्ट्रपति की पदावधि निश्चित होती है ।

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, किन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत हैं, किन्तु (R) सत्य है ।

**31.** संविधान सभा किसके अन्तर्गत स्थापित की गई थी ?

(A) क्रिप्स मिशन

(B) कैबिनेट मिशन प्लान

(C) वैवल प्लान

(D) नेहरू रिपोर्ट

**32.** यह किसने कहा है कि "भारत का संविधान आशा और प्रेरणा की अपेक्षा भय और संत्रास में बना था" ?

(A) पॉल ब्रास

(B) मायरन वीनर

(C) के. सी. वीयर

(D) जेनिंग्स

**33.** निम्नलिखित में से संविधान का कौन सा अनुच्छेद विधान मंडल को असंवैधानिक और अमान्य घोषित होने से रोकता है ?

(A) अनुच्छेद 15 B (B) अनुच्छेद 51 A

(C) अनुच्छेद 31 B (D) अनुच्छेद 29 A

**34.** भारतीय संविधान में निम्नलिखित में से कौन से संशोधन में शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाया गया है ?

(A) 92 वाँ (B) 94 वाँ

(C) 93वाँ (D) 91वाँ

**35.** निम्नलिखित में से कौन सा अभिकथन सत्य नहीं है ?

(A) आपात् स्थिति की प्रथम उद्घोषणा 1962 में की गई थी ।

(B) आपात् स्थिति की दूसरी उद्घोषणा 1971 में की गई थी ।

(C) आपात् स्थिति की तृतीय उद्घोषणा 1975 में की गई थी ।

(D) आपात् स्थिति की दूसरी और तीसरी उद्घोषणाएँ 1978 में निरस्त की गई थीं ।

**36.** केन्द्र और राज्यों के बीच विवाद पर निर्णय के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय की शक्तियाँ निम्नलिखित में से किसके अन्तर्गत आती हैं ?

(A) परामर्शकारी क्षेत्राधिकार

(B) अपीलीय क्षेत्राधिकार

(C) मूल क्षेत्राधिकार

(D) परामर्शकारी और अपीलीय क्षेत्राधिकार

Prepp
Your Personal Exams Guide

**37.** Who tried to period Indian politics in terms of the tussle between a "demand polity" and a "command polity" ?
(A) Rajni Kothari
(B) Partha Chatterjee
(C) Lloyd and Susanne Rudolph
(D) Myron Weiner

**38.** Caste based reservations are labelled as
(A) Affirmative Action
(B) Positive Discrimination
(C) State Intervention
(D) Society Egalitarianism

**39.** Which of the following was headed by Raja Dhare and Nam Devdhasal ?
(A) Dalit Tiger
(B) Bheem Shakti
(C) Dalit Panther
(D) Dalit Elephant

**40.** Lloyd and Susanne Rudolf saw the State in India as 'Polymorphous'. What does it mean ?
(A) Creature of manifold forms and orientation
(B) Creature of multiple layers
(C) Hybrid creature
(D) Constantly changing creature

**41.** Who is the author of 'Political Economy of Development in India' ?
(A) Amartya Sen
(B) Subipta Kaviraj
(C) Pranab Bardhan
(D) Hanza Allavi

**42.** In order to ensure free and fair elections and to conduct all elections to the Panchayats, the power is vested with
(A) Chief Election Commissioner of India
(B) Chief Minister of the State
(C) State Election Commission
(D) Chief Secretary of the State

**43.** **Assertion (A) :** The President of India is the Constitutional Head of the State.
**Reason (R) :** All powers are vested in the Council of Ministers headed by the Prime Minister.
Select the correct answer from the codes given below :
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false
(D) (A) is false, but (R) is true.

**44.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| | **List-I** | **List-II** |
|---|---|---|
| (a) | Emergence of Muslim League | (i) 1940 |
| (b) | Lucknow Pact | (ii) 1906 |
| (c) | Motilal Nehru Report | (iii) 1916 |
| (d) | Two-Nation Theory | (iv) 1928 |

**Code :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (D) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |

**45.** What is the correct sequence of the following Presidents of India ? Use the code given below :
(i) Dr. Zakir Hussain
(ii) Dr. Rajendra Prasad
(iii) Dr. Shankar Dayal Sharma
(iv) R. Venkataraman

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**37.** भारतीय राजनीति को "माँगजन्य व्यवस्था" और "आदेशात्मक व्यवस्था" के बीच संघर्ष का काल किसने माना है ?
(A) रजनी कोठारी
(B) पार्थ चेटर्जी
(C) लॉयड और सूसेन रूडॉल्फ
(D) मायरन वीनर

**38.** जाति आधारित आरक्षणों को माना जाता है
(A) स्वीकार्य कार्यवाही
(B) सकारात्मक भेद-भाव
(C) राज्य हस्तक्षेप
(D) समाज समकरण

**39.** राजा धरे और नाम देवधसल किस दलित आंदोलन के नेता हैं ?
(A) दलित टाइगर
(B) भीम शक्ति
(C) दलित पैन्थर
(D) दलित एलीफैन्ट

**40.** लॉयड और सूसेन रूडोल्फ ने भारत में राज्य को 'पॉलिमॉर्फस' माना । इससे क्या अभिप्राय है ?
(A) विभिन्न रूपों और अभिविन्यास के व्यक्ति
(B) बहुविध परतों के व्यक्ति
(C) संकर व्यक्ति
(D) लगातार परिवर्तनशील व्यक्ति

**41.** "पॉलिटिकल इकोनॉमी ऑफ डेवलपमेन्ट इन इंडिया" पुस्तक के लेखक कौन हैं ?
(A) अमर्त्य सेन
(B) सुबिप्ता कविराज
(C) प्रनब बर्धन
(D) हन्ज़ा अल्वी

**42.** स्वतन्त्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए और पंचायतों के निर्वाचन का संचालन करने के लिए निम्नलिखित में से किसमें शक्ति निहित की जानी चाहिए ?
(A) भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त
(B) राज्य के मुख्य मन्त्री
(C) राज्य निर्वाचन आयोग
(D) राज्य के मुख्य सचिव

**43.** **कथन (A)** : भारत के राष्ट्रपति राज्य के संवैधानिक प्रमुख होते हैं ।
**कारण (R)** : प्रधानमन्त्री की अध्यक्षता में मन्त्री परिषद के पास सभी शक्तियाँ निहित होती हैं ।
नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन करें :
**कूट :**
(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(C) (A) सत्य है, लेकिन (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सत्य है ।

**44.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| | सूची-I | सूची-II |
|---|---|---|
| (a) | मुस्लिम लीग का उद्‌गमन | (i) 1940 |
| (b) | लखनऊ समझौता | (ii) 1906 |
| (c) | मोतीलाल नेहरू रिपोर्ट | (iii) 1916 |
| (d) | मोहम्मद अली जिन्ना द्वारा प्रवर्तित द्विराष्ट्रीय सिद्धान्त | (iv) 1928 |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (D) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |

**45.** भारत के निम्नलिखित राष्ट्रपतियों का सही अनुक्रम क्या है ? नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करें :
(i) डॉ. ज़ाकिर हुसैन
(ii) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(iii) डॉ. शंकर दयाल शर्मा
(iv) आर. वेंकटरमन

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**46.** Consider the following statements :

In the area of organizational principles

(1) In working out organizational principles, Gulick was influenced by Fayol's fourteen principles.

(2) Urwick warns against the 'use of committees for the purpose of administration'

(3) Gulick gives no regard to the bases on which work may be divided.

(4) Fayol believed in the principle of 'unity of command'.

Which of these statements is/are correct ?

(A) 1, 2, 3 and 4
(B) 1, 2 and 3
(C) 1 and 4
(D) 1, 2 and 4

**47.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Frederick Herzberg | (i) | The Need Hierarchy |
| (b) | Abraham Maslow | (ii) | The existence of 'Clects' |
| (c) | Fred W. Riggs | (iii) | Motivator – Hygiene Approach |
| (d) | M.P. Follett | (iv) | Concept of Partnership |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**48.** According to Chester I. Barnard which one of the following is not correct about an order to be authoritative ?

(A) It should conform to the purpose of the organization.
(B) It should be intelligible.
(C) It should be motivating monetarily.
(D) It should be feasible.

**49.** According to Mooney, conferring of specified authority by a higher authority is

(A) Decentralization
(B) Delegation
(C) Deconcentration
(D) Disintegration

**50.** Who defined development administration as "Action-oriented, goal-oriented administrative system" ?

(A) Fred W. Riggs
(B) Dwight Waldo
(C) Robert Dahl
(D) Edward Weidner

**51.** According to David Nachmias and D.H. Rosenbloom, which one of the following is not a feature of participatory bureaucracy ?

(A) Civil Service Associations to protect them from political tyranny.
(B) High level of social representativeness in a national bureaucracy.
(C) Participation of bureaucratic employees in decisions.
(D) Citizen participation in bureaucratic policy making

**52.** Who among the following introduced the concept of 'Zone of Indifference' in an organization ?

(A) Herbert Simon
(B) Douglas McGregor
(C) Chester I. Barnard
(D) Chris Argyris

**46.** निम्नलिखित कथनों पर ध्यान दीजिए :

संगठनात्मक सिद्धान्तों के क्षेत्र में,

(1) संगठनात्मक सिद्धान्तों को बनाते हुए, गुलिक फेयोल के चौदह सिद्धान्तों से प्रभावित था ।

(2) उर्विक प्रशासन के मन्तव्य से कमेटियों के प्रयोग के सम्बन्ध में चेतावनी देता है ।

(3) गुलिक कार्य विभाजन के आधार को कोई महत्त्व नहीं देता ।

(4) फेयोल का 'आदेशों की एकता' के सिद्धान्त में विश्वास है ।

उपरोक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(A) 1, 2, 3 और 4

(B) 1, 2 और 3

(C) 1 और 4

(D) 1, 2 और 4

**47.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची -I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (a) फ्रेड्रिक हैज़बर्ग | (i) दि नीड हिरारकी |
| (b) अब्राहम मास्लो | (ii) दि एग्जिस्टेंस ऑफ क्लैक्ट्स |
| (c) फ्रेड डब्ल्यू. रिग्स | (iii) मोटिवेटर – हाइजिन एपरोच |
| (d) एम.पी. फोलेट्ट | (iv) कांसैप्ट ऑफ पार्टनरशीप |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**48.** चैस्टर आई बरनार्ड के अनुसार 'वैध अधिकार का आदेश' के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा सही नहीं है ?

(A) यह संगठन के मन्तव्य के अनुकूल होना चाहिए ।

(B) यह बुद्धि-गम्य होना चाहिए ।

(C) यह मौद्रिक दृष्टिकोण से उत्प्रेरक होना चाहिए ।

(D) इसे व्यवहार्य होना चाहिए ।

**49.** मूने के अनुसार उच्च अधिकारी द्वारा सुनिश्चित अधिकारों का दिया जाना कहलाता है

(A) विकेन्द्रीकरण (B) प्रत्यायोजन

(C) अकेन्द्रीयकरण (D) वियोजन

**50.** किसने विकास प्रशासन को ऐसे परिभाषित किया है :

"यह क्रियोन्मुखी, उद्देश्योन्मुखी प्रशासनात्मक पद्धति है" ?

(A) फ्रेड डब्ल्यू. रिग्स

(B) ड्वाइट वाल्डो

(C) रोबर्ट डहल

(D) एडवर्ड वीडनर

**51.** डेविड नकमियास एवं डी.एच. रोजेनब्लूम के अनुसार निम्नलिखित में से "सहभागिता अधिकारी तन्त्र" का तत्त्व नहीं है ?

(A) उन्हें राजनीतिक स्वेच्छाचारिता से बचाने के लिए सिविल सेवा संघ बनाना ।

(B) राष्ट्रीय अधिकारी तन्त्र में उच्च स्तरीय सामाजिक प्रतिनिधित्व

(C) निर्णयों में अधिकारी–तन्त्र के कर्मचारियों की सहभागिता

(D) अधिकारी–तन्त्र सम्बन्धी नीति-निर्माण में नागरिकों की सहभागिता

**52.** निम्नलिखित में से किसने एक संगठन में "जोन ऑफ इनडिफरैंस" की अवधारणा को प्रारम्भ किया है ?

(A) हर्बर्ट साइमन

(B) डग्लस मैक्ग्रेगर

(C) चेस्टर आई. बरनार्ड

(D) क्रिस अरगाइरस

**53.** Taylor's concept of Mental Revolution stands for
(A) Cooperation, Harmony and Restricted output
(B) Restricted output and Cooperation
(C) Harmony and Cooperation
(D) Economy, Cooperation and restricted output.

**54.** Which of the following committee recommended two-tier Panchayatiraj institutions ?
(A) Ashok Mehta Committee
(B) G.V.K. Rao Committee
(C) R.R. Diwakar Committee
(D) L.M. Singhvi Committee

**55.** When was the Central Vigilance Commission set up by the Government of India ?
(A) 1961
(B) 1964
(C) 1967
(D) 1971

**56.** Arrange the following committees in chronological order and choose the correct answer from the codes given below :
(i) Kripalani Committee
(ii) Santhanam Committee
(iii) Tek Chand Committee
(iv) Vivian Bose Committee

**Codes :**
(A) (iii), (iv), (i), (ii)
(B) (i), (iv), (iii), (ii)
(C) (iv), (i), (iii), (ii)
(D) (iii), (i), (iv), (ii)

**57.** Which of the following committees recommended Block Level Planning ?
(A) Hanumantha Rao Committee
(B) G.V.K. Rao Committee
(C) L.N. Singhvi Committee
(D) Dantwala Committee

**58.** Which among the following is not a feature of Liberalisation ?
(A) Deregulation
(B) Debureaucratisation
(C) Disinvestment
(D) Statisation

**59.** The institution of 'Ombudsman' was first introduced in
(A) Denmark
(B) UK
(C) Sweden
(D) Switzerland

**60.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R).

**Assertion (A) :** Talking about responsibility, Follett maintains that "the distinction between those who manage and those who are managed is somewhat fading.'

**Reason (R) :** 'Each individual function must be seen in terms of its interdependence with other functions' in the organization.

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are individually true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are individually true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false
(D) (A) is false, but (R) is true.

**61.** Which of the following was an important figure in the development of liberal perspectives on international politics ?
(A) Thomas Hobbes
(B) Woodrow Wilson
(C) Hans J. Morganthan
(D) Henry Kissinger

Prepp
Your Personal Exams Guide

**53.** टेलर की मानसिक क्रांति की अवधारणा पक्षधर है :

(A) सहकारिता, सामंजस्य एवं सीमित उत्पादन

(B) सीमित उत्पादन और सहकारिता

(C) सामंजस्य और सहकारिता

(D) बचत, सहकारिता और सीमित उत्पादन

**54.** निम्नलिखित कमेटियों में से किसने पंचायती राज संस्थाओं के लिए द्विस्तरीय प्रणाली की सिफारिश की ?

(A) अशोक मेहता कमेटी

(B) जी.वी.के. राव कमेटी

(C) आर.आर. दिवाकर कमेटी

(D) एल.एम. सिंघवी कमेटी

**55.** भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय चौकसी आयोग की स्थापना किस वर्ष में की गई ?

(A) 1961

(B) 1964

(C) 1967

(D) 1971

**56.** निम्नलिखित समितियों को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

(i) कृपलानी समिति

(ii) सांथानम समिति

(iii) टेकचंद समिति

(iv) विवियन बोस समिति

**कूट :**

(A) (iii), (iv), (i), (ii)

(B) (i), (iv), (iii), (ii)

(C) (iv), (i), (iii), (ii)

(D) (iii), (i), (iv), (ii)

**57.** निम्नलिखित कमेटियों में से किस कमेटी ने सिफारिश की थी कि ब्लॉक स्तरीय योजना हो ?

(A) हनुमंत राव कमेटी

(B) जी.वी.के. राव कमेटी

(C) एल. एन. सिंघवी कमेटी

(D) दन्तवाला कमेटी

**58.** निम्नलिखित में से कौन सा उदारीकरण का तत्त्व नहीं है ?

(A) निविनियमन

(B) वि-नौकरशाहीकरण

(C) अपनियोजन

(D) स्टेटीसेशन

**59.** 'ओम्बड्समैन' संस्था सर्वप्रथम कहाँ प्रारम्भ हुई ?

(A) डेनमार्क

(B) यूके

(C) स्वीडन

(D) स्विट्जरलैण्ड

**60.** अधोलिखित दो कथन हैं जिनमें से पहले को अभिकथन (A) और दूसरे को तर्क (R) कहा गया है ।

**अभिकथन (A)** : उत्तरदायित्व की चर्चा करते हुए, फोल्लेट कहते हैं कि प्रबन्ध करनेवालों, और जिनका प्रबन्ध किया जाता है, के बीच का अन्तर लुप्त हो रहा है ।

**तर्क (R)** : संगठन में प्रत्येक वैयक्तिक कार्य को अन्य कार्यों के अन्तर आश्रित जानकर देखा जाए ।

प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**61.** अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में उदारवादी परिप्रेक्ष्य के विकास में निम्नलिखित में से कौन महत्त्वपूर्ण व्यक्ति थे ?

(A) थॉमस हॉब्स

(B) वुडरो विल्सन

(C) हैन्स जे मोरगन्थन

(D) हेनरी किसिन्गर

**62.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| List-I | List-II |
|---|---|
| (a) Samuel P. Huntington | (i) Retreat of the State |
| (b) Joseph Nye | (ii) World Systems |
| (c) Susan Strange | (iii) Clash of Civilizations |
| (d) Immanuel Wallerstein | (iv) Soft Power |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

**63.** The Bretton Woods Agreement

(A) led to a campaign to save the rainforest

(B) argues that the Soviet Union was a success of the unmixed economy

(C) led to the establishment of the International Monetary Fund (IMF)

(D) led to the establishment of the World Wildlife Fund (WWF)

**64.** According to many realists, how is international peace best secured ?

(A) Concessions by peaceful States to powerful ones.

(B) A balance of power between States.

(C) Trying to spread democratic values throughout the world.

(D) A worldwide federation of States.

**65.** In the field of nuclear strategy what does MAD stand for ?

(A) Missiles Are Dangerous

(B) Mammals Are Doomed

(C) Make America Die

(D) Mutually Assured Destruction

**66.** Who said the following, 'War is Foreign Policy by other means" ?

(A) Carl von Clausewitz

(B) Napoleon Bonaparte

(C) Quincy Wright

(D) Hugo Clausewitz

**67.** Non-alignment as India's foreign policy meant

(A) neutrality

(B) equidistance between the three blocs during the cold war

(C) independence and judging each issue on its relevance to our national interest.

(D) interference into the internal affairs of other States.

**68.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :

**Assertion (A) :** India is for nuclear disarmament at the global level and for a credible minimum deterrence at the regional level.

**Reason (R) :** India's nuclear policy has dual objectives.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true but (R) is false

(D) Both (A) and (R) are false.

**62.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) सैम्युअल पी हंटिंग्टन | (i) रिट्रीट ऑफ द स्टेट |
| (b) जोसफ न्याई | (ii) वर्ल्ड सिस्टम्स |
| (c) सूसन स्ट्रेन्ज | (iii) क्लैश ऑफ सिविलाइजेशन |
| (d) इमैनुयल वैलस्ट्रीन | (iv) सॉफ्ट पॉवर |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

**63.** ब्रेटन वुड्स समझौते के द्वारा :
(A) वर्षा प्रचुर वन को बचाने के लिए अभियान चलाने का नेतृत्व किया गया ।
(B) यह सिद्ध करता है कि सोवियत यूनियन एक अमिश्रित अर्थव्यवस्था के रूप में सफल था ।
(C) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की स्थापना की गई ।
(D) विश्व वाइल्ड लाइफ कोष की स्थापना की गई ।

**64.** बहुत से यथार्थवादियों के अनुसार अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति किस प्रकार सर्वोत्तम रूप से प्राप्त की जा सकती है ?
(A) शान्ति प्रिय राज्यों द्वारा शक्तिशाली राज्यों को छूट देकर
(B) राज्यों के बीच शक्ति संतुलन बनाकर
(C) पूरे विश्व में लोकतान्त्रिक मूल्य स्थापित कर के
(D) राज्यों का विश्वव्यापी संघ बनाकर

**65.** नाभिकीय युद्धनीति के क्षेत्र में एम ए डी (MAD) से क्या अभिप्राय है ?
(A) मिसाइल्स आर डेन्जरस
(B) मैमल्स आर डूम्ड
(C) मेक अमेरिका डाइ
(D) म्यूच्यूअली एश्योर्ड डिस्ट्रक्शन

**66.** यह किसका कथन है कि "युद्ध एक प्रकार से विदेशी नीति होता है" ?
(A) कार्ल वॉन क्लोज़ेविट्ज
(B) नैपोलियन बोनापार्ट
(C) क्युन्सी राइट
(D) ह्यूगो क्लोज़ेविट्ज

**67.** गुट निरपेक्षता जो कि भारत की विदेश नीति है, से अभिप्राय है :
(A) तटस्थता
(B) शीत युद्ध के दौरान तीन ब्लॉक के बीच समदूरस्थता
(C) स्वाधीनता और प्रत्येक मुद्दे को अपने राष्ट्रीय हित में देखना
(D) अन्य राज्यों के आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप

**68.** अधोलिखित दो कथन हैं जिनमें से पहले को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।

**कथन (A)** : भारत वैश्विक स्तर पर परमाणु नि:शस्त्रीकरण के लिए तथा क्षेत्रीय स्तर पर वास्तविक न्यूनतम हानि के लिए है ।

**कारण (R)** : भारत की परमाणु नीति द्विलक्षी है ।

**कूट :**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।
(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**69.** What is the correct sequence of the following Ministers of External Affairs of India ?

(i) S.M. Krishna
(ii) Atal. B. Vajpayee
(iii) Pranab Mukherjee
(iv) Swarna Singh

Arrange the following chronologically from who came first :

(A) (iv) (ii) (iii) (i)
(B) (ii) (iv) (i) (iii)
(C) (iv) (iii) (ii) (i)
(D) (i) (iii) (iv) (ii)

**70.** "Indira Doctrine" is considered an important aspect of India's foreign policy for it defines

(A) The objectives of India's foreign policy.
(B) It equates India's security with that of the region and the predominance of India.
(C) India's security is coterminous with the region and any interference of external powers is taken as a threat to India's security.
(D) Doctrine enunciated by Prime Minister Indira Gandhi which was for the neighbours.

**71.** The United Nations Charter is mainly

(A) largely concerned with individual human rights.
(B) wholly concerned with the relationship between States.
(C) devoted to a wide range of subjects including peace, justice, freedom and economic and social rights.
(D) devoted to duties and rights of great, medium and small powers.

**72.** International society tradition is also known as the

(A) Anglo-American School of International Relations.
(B) English School of International Relations.
(C) European School of International Relations
(D) Alternative School of International Relations

**73.** The main purpose of the Indo-Sri Lanka Accord was

(A) India's war against Tamils.
(B) India's intention to partition Sri Lanka.
(C) To end the ethnic strife between the Sinhalese and Tamils.
(D) To legalise Tamil Militant groups.

**74.** The Asia-Pacific Economic Cooperation (APEC) forum

(A) is part of a more general trend towards regional blocs.
(B) accounts for over half the world's GDP
(C) has member states which include authoritarian regimes as well as democracies.
(D) All of the above are true.

**75.** The US approach to the Cold War was originally set out in

(A) The Nixon Doctrine
(B) The Marshall Plan
(C) The Monroe Doctrine
(D) The Truman Doctrine

Prepp
Your Personal Exams Guide

**69.** भारत के विदेश मन्त्रालय के निम्नलिखित मन्त्रियों का सही अनुक्रम बताएँ :

(i) एस.एम. कृष्णा

(ii) अटल बिहारी वाजपेयी

(iii) प्रणव मुखर्जी

(iv) स्वर्ण सिंह

निम्नलिखित को सर्वप्रथम के आधार पर काल क्रमानुसार व्यवस्थित करें :

(A) (iv) (ii) (iii) (i)

(B) (ii) (iv) (i) (iii)

(C) (iv) (iii) (ii) (i)

(D) (i) (iii) (iv) (ii)

**70.** "इन्दिरा डॉक्ट्रीन" को भारतीय विदेशी नीति का मुख्य पहलू माना जाता है क्योंकि इसमें परिभाषित किया गया है

(A) भारत की विदेशी नीति के लक्ष्य ।

(B) यह भारत की सुरक्षा को क्षेत्र और भारत के पूर्व-वर्चस्व से समीकृत करता है ।

(C) भारत की सुरक्षा क्षेत्र से स्पर्शी हैं और विदेशी शक्तियों के किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप को भारत की सुरक्षा के लिए खतरे के रूप में माना जाता है ।

(D) प्रधानमन्त्री इन्दिरा गाँधी द्वारा अभिव्यक्त मत (डॉक्ट्रीन) पड़ोसी देशों के लिए था ।

**71.** यूनाइटेड नेशन चार्टर मुख्यत:

(A) पूर्णत: व्यक्तिगत मानव अधिकारों से संबंधित है ।

(B) राज्यों के बीच संबंध से संबद्ध है ।

(C) शान्ति, न्याय, स्वतन्त्रता और आर्थिक तथा सामाजिक अधिकारों जैसे व्यापक विषयों के लिए है ।

(D) बड़ी, मध्यम और छोटी शक्तियों के अधिकार और कर्त्तव्यों के लिए है ।

**72.** अन्तर्राष्ट्रीय सामाजिक परम्परा को निम्नलिखित के नाम से भी जाना जाता है :

(A) अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों का एंग्लो-अमेरिकन स्कूल

(B) अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों का इंगलिश स्कूल

(C) अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों का यूरोपीयन स्कूल

(D) अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों का वैकल्पिक स्कूल

**73.** भारत – श्रीलंका समझौते का मुख्य प्रयोजन था -

(A) तमिलों के विरुद्ध भारत का युद्ध

(B) श्रीलंका का विभाजन करने का भारत का इरादा

(C) सिंहाली और तमिलों के बीच सजाति विषयक संघर्ष समाप्त करना

(D) तमिल मिलिटेन्ट ग्रुपों को वैधीकरण करना

**74.** एशिया-पैसिफिक इकोनॉमिक को-ऑपरेशन (APEC) फोरम –

(A) क्षेत्रीय समूहों के प्रति अपेक्षाकृत सामान्य प्रवृत्ति का भाग हैं ।

(B) विश्व के आधे से अधिक GDP (जी.डी.पी.) इनके पास हैं ।

(C) सदस्य राज्य हैं जिनमें सत्तावादी शासन तथा लोकतन्त्रात्मक शामिल हैं ।

(D) उपर्युक्त सभी सत्य हैं ।

**75.** शीत युद्ध (कोल्ड वॉर) के प्रति यू एस दृष्टिकोण मूल रूप से किसमें स्पष्ट किया गया था ?

(A) निक्सन डॉक्ट्रीन

(B) मार्शल प्लान

(C) मूनरो डॉक्ट्रीन

(D) ट्रूमन डॉक्ट्रीन

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**

Prepp Your Personal Exam Guide